न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी जिला नागौर(राज0)

पीठासीन अधिकारी :– बाबूलाल जाट, आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्या :– 100/2020 **GCMS No. 2020/00197**

प्रार्थी

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार कुचामनसिटी

बनाम

अप्रार्थीगण

धन्नाराम बलदेवाराम रामेश्वरलाल सेवाराम पि. अमराराम जाति जाट निवासीगण चितावा तहसील कुचामनसिटी जिला नागौर

आदेश

दिनॉक :– 25/09/2020

तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 व नियम 58, 59, 60, 66, 86 राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 मय दस्तावेजात नकल जमाबन्दी, नकल नक्शा, सहमति पत्र मौका रिपोर्ट पटवारी हल्का चितावा व भू–अभिलेख निरीक्षक चितावा एवं अभिशंषा तहसीलदार कुचामनसिटी का ध्यानपूर्वक अवलोकन व मनन किया गया जिसके अनुसार ग्राम चितावा तहसील कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 1560/1086 रकबा 0.09 हैक्टर भूमि मौके पर रास्ते के रूप में काम मे आ रही है मौके पर रास्ता चालू है जबकि राजस्व रेकार्ड में उक्त भूमि कि किस्म गै.मु.रास्ता दर्ज नही है खातेदारान द्वारा उक्त भूमि की किस्म गै.मु.रास्ता दर्ज किये जाने की सहमति प्रदान की है साथ ही तहसीलदार कुचामनसिटी ने उक्त भूमि को गै.मु.रास्त दर्ज किये जाने की अपनी स्पष्ट अभिशंषा की है। इस प्रकार यह प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने योग्य होने से स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार कुचामनसिटी को निर्देशित किया जाता है कि ग्राम चितावा तहसील कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 1560/1086 रकबा 0.09 हैक्टर किस्म जाव प्रथम को रिपोर्ट पटवारी हल्का एवं भू.अ.निरीक्षक दिनॉक 25.08.2020 मुताबिक खातेदारान के खातेदारी अधिकार समाप्त कर राजकीय दर्ज किये जाने एवं गै.मु.रास्ता दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है, तहसीलदार कुचामनसिटी उक्त अनुसार पालना कर रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करे।

यह आदेश आज दिनॉक 25/9/2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

(बाबूलाल जाट)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (नागौर)

उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2020.10.24 12:57:50 IST
Reason: SelfAttested